26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 1 जून, 2026

अंक- 217 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चैंपियन बेंगलुरु को 20 करोड़

## गुजरात को 12.50 करोड़ मिले

### वैभव सूर्यवंशी को 5 अवॉर्ड से 45 लाख और कार मिली

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने लगातार दूसरे सीजन IPL का खिताब अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में RCB ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीती। चैंपियन बनने पर RCB को ट्रॉफी के साथ 20 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली, जबकि रनर-अप गुजरात टाइटंस को 12.5 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में राजस्थान के 15 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का दबदबा रहा। उन्होंने सीजन में सबसे ज्यादा 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप का टाइटल अपने नाम किया। वैभव को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर और सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन समेत कुल 5 अवॉर्ड मिले।




### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा

कॉमर्शियल सिलेंडर आज यानी 1 जून से 53.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में ये 3113.50 रुपए में मिल रहा है। 5 किलो वाले LPG सिलेंडर की कीमतों में 11 रुपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब इस सिलेंडर की कीमत 821.50 रुपए हो गई है। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और ATF, यानी हवाई जहाज के ईंधन पर नई एक्सपोर्ट ड्यूटी आज से लागू हो गई है। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा कर दिया है। दिल्ली में इसकी कीमत 3113.50 हो गई है। पहले ये 3071.50 में मिल रहा था।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

RVIT
leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS
990+ WORKSHOP TOURS
85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES
Excellence Awards
Year After Year.







R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.



B.TECH.
ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC
ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM
DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM
BACHELOR OF PHARMACY
BBA
BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA
BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in

admission open
SB COLLEGE
(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad
LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)
6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP
Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

## जनसमस्याओं का समयसीमा में निपटारा करें, देरी पर तय हो जवाबदेही- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनदर्शन में प्रदेशभर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं और समयसीमा में निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस से जुड़ी शिकायतों का निपटारा निर्धारित अवधि में हो, और बिना वजह देरी होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। जनदर्शन में मुख्यमंत्री ने राजस्व और पुलिस मामलों के आवेदन संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए कहा कि लंबित राजस्व मामलों का निपटारा तय समय में हो। छह महीने से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा कर बिना उचित कारण देरी पाए जाने पर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जरूरतमंद को समय पर मदद और समाधान मिले। अधिकारियों को संवेदनशीलता से काम करने, बिना भेदभाव न्याय दिलाने, पात्रों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जरूरतमंदों को उचित इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। कुछ बच्चों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को कहा। हापुड़ की कक्षा 7 की एक छात्रा ने परिवार की आर्थिक दिक्कत और पढ़ाई जारी रखने में चुनौती बताई तो मुख्यमंत्री ने कहा, बेटी, तुम बस पढ़ाई पर ध्यान दो, बाकी हम पर छोड़ दो। उन्होंने अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा मजबूत भारत की नींव है और अधिकारियों से संपर्क कर बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में मदद करने को कहा।

## सिंचाई विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं- स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को सिंचाई विभाग मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में कृषि विकास, जल सुरक्षा, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी 05 जून से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ विभागीय जनजागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाए।




चिंगारी
बिजनौर : सोमवार, 1 जून, 2026

# दुष्कर्म के आरोपियों के लुक आउट नोटिस जारी

## अदालत के आदेश पर होगी कुर्की की

**नहटौर ( चिंगारी )। विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोपियों को फरार घोषित कर दिया गया। एक आरोपी सऊदी अरब चला गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी कराया है।**

नहटौर निवासी पीड़िता का आरोप है कि 31 जनवरी 2023 को फैसल पुत्र अतीक, इस्लाम पुत्र फरीद निवासी मौहल्ला अफ़ग़ानान धामपुर, रज्ज़ाक पुत्र हाजी शफ़ीक़ निवासी सिविल लाइन मुरादाबाद उसके घर पर आये थे। उसे अकेला पाकर तथा उसके बेटे की गर्दन पर चाकू रखते हुए देवर इस्लाम ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने मामले की पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले में तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप है विवेचक द्वारा आरोपियों से हमसाज होकर फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी, जिसका फायदा उठाकर इस्लाम इराक व रज्जाक सऊदी अरब भाग गए थे। पीड़िता ने एसीजेएम की कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट के विरोध में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की थी, जिसको न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आरोपियों को नोटिस जारी कर मुकदमे में विचरण हेतु तलब किया था। आरोपियों द्वारा कोर्ट में पेश न होने पर न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध सीआरपीसी 82 की कार्रवाई करते हुए फरार घोषित कर दिया था। तीनों ही आरोपी विगत 3 वर्षों से फरार चल रहे हैं। पीड़िता ने कुछ समय पूर्व पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर बताया था कि एक आरोपी रज्ज़ाक सऊदी अरब चला गया है, वहीं दूसरा आरोपी विदेश जाने की फ़िराक में है। पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस को सख्त आदेश दिया था। आदेश पर अमल करते हुए स्थानीय पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी करा दिया और पासपोर्ट कैंसिलेशन की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी रज्ज़ाक और इस्लाम के विरुद्ध विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। अभियुक्तियों की न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।





## पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता, निष्पक्ष पत्रकारिता पर दिया बल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इलैक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया परिषद (रजि.) की ओर से हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रविवार को नजीबाबाद के कवि दुष्यन्त कुमार सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष व जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरदार गुरशरण सिंह, मुख्य वक्ता अमन कुमार त्यागी, प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वर्षा अग्रवाल, डॉ. दिव्या राय, संस्था अध्यक्ष विश्वास द्विवेदी, उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, सचिव अनुज शर्मा, संगठन मंत्री विपुल शर्मा तथा रिहान अंसारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महामंत्री महताब खां चांद के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अफजाल अंसारी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने सायना परवीन को प्रथम, राजनंदिनी को द्वितीय तथा अनम को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली रमा जैन कन्या महाविद्यालय की 25 छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता अमन कुमार त्यागी, मुकेश सिन्हा, जितेंद्र कक्कड़, मनोज शर्मा व वसीम बख्श ने पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। नीमा शर्मा, अर्चना चौहान व रचना शास्त्री ने काव्य पाठ किया। वंदना कोटनाला ने हिन्दी पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धर्मवीर चौहान, अश्वनी वशिष्ठ, विपिन राजपूत, आकाश ठाकुर, अशोक कुमार, रामेंद्र सिंह आदि का मौजूद रहे।

## ईदुल अज़हा पर चेयरमैन की सफाई व्यवस्था की सभी ने प्रशंसा की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम द्वारा हर साल की तरह इस साल भी ईदुल अज़हा के मौके पर नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया। इसके लिए शहर में लोगों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की जमकर तारीफ की। लोगों ने बताया कि इस साल भी नजीबाबाद में ईदुल अजहा के मौके पर सफाई की व्यवस्था बहुत शानदार रही। कही भी कुर्बानी का अवशेष पड़ा नहीं मिला। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने बताया कि ईदुल अजहा के मौके पर कुर्बानी के अवशेष उठाने के लिए लगाई गई हर ट्रॉली पर नंबर डाला हुआ था, इन सभी ट्रॉली पर कंट्रोल रूम नंबर भी डाला हुआ था। जिस पर कोई भी व्यक्ति कॉल करके ट्रॉली को अपने यहां बुलाकर अवशेष उठवा सकता था तथा शिकायत भी कर सकता था। साथ ही सभी ट्रॉली को नजीबाबाद नगर पालिका से डिजिटल ट्रैकिंग लोकेशन से मॉनिटर किया जा रहा था। ईदुल अजहा के मौके पर नजीबाबाद के आवाम ने भी साफ सफाई रखने में अपना पूरा सहयोग दिया। ईदुल अजहा से कई दिनों पूर्व ही चेयरमैन ने मुस्लिम समाज के लोगों को साफ सफाई के लिए जागरूक करने व अवशेष उठवाने के लिए मोबाइल नम्बर लिखी फिलेक्सी सभी मस्जिदों के बाहर लगवाकर जानकारी दी थी, जिससे नगरपालिका परिषद ईदुल अजहा के मौके पर नगर में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से सफल बनाने में कामयाब रही।





## लोगों के प्रेरणादायी कार्यों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा है देश- मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के गांवों और शहरों में ऐसे अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं जिनसे यह विश्वास मजबूत होता है कि देश लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ रहा है। श्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेड़ियो कार्यक्रम मन की बात की 134 वीं कड़ी में इसी तरह के अनेक प्रेरणादायी कार्यों का उल्लेख करते हुए लोगों से इनकी सराहना करने तथा इनसे जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा, भारत के हर गाँव में, हर शहर में, कुछ-न-कुछ ऐसा हो रहा है जो हमें प्रेरणा देता है। कई बार, इन प्रयासों की ज्यादा चर्चा नहीं होती, लेकिन जब हम इन्हें जानते हैं, तो ये विश्वास और मजबूत होता है, कि देश, अपने लोगों की शक्ति से आगे बढ़ रहा है। मेरा आपसे आग्रह है, अपने आसपास ऐसे प्रयासों को जरूर देखिए। जो लोग समाज के लिए अच्छा काम कर रहें हैं, उन्हें पहचानिए, उनकी सराहना कीजिए, उनसे सीखिए, और हो सके तो खुद भी किसी अच्छे काम से जुड़िए। श्री मोदी ने तमिलनाडु के नागरकोइल में एक शिक्षिका गिरिजा अम्मा के साथ अपनी मुलाकात को साझा करते हुए कहा कि गिरिजा अम्मा जी करीब 15 स्कूल चलाती हैं। इनमें चेन्नई का जयगोपाल गरोडिया हिन्दू विद्यालय बहुत प्रमुख है।

## 125 दिनों की रोजगार गारंटी से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा होगी सुदृढ़ - केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (जी राम जी) एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करने, आजीविका को सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभिनव अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्वरोजगार एवं कौशल विकास को नई गति प्राप्त होगी तथा आय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। यह अधिनियम केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं है, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का एक प्रभावी अभियान भी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के माध्यम से ग्रामीण श्रमिक परिवारों को अब और अधिक रोजगार सुरक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में रोजगार की गारंटी को मजबूत करते हुए अधिनियम के अंतर्गत कार्य दिवसों की सीमा बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, आजीविका सशक्तिकरण तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# सहसपुर के गैंगस्टर अतीक अहमद पर योगी प्रशासन की कार्यवाही

## 168.13 करोड़ की सम्पत्ति की जाएगी कुर्क

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सहसपुर निवासी अतीक अहमद की उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में गौमांस तस्करी के मामले में सहसपुर स्थित 168 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट जालौन की अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, पुलिस रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर यह आदेश जारी किया है। मामला वर्ष 2023 का बताया गया है। उस समय एट थाने के तत्कालीन प्रभारी संजय गुप्ता ने वाहन चैकिंग अभियान के दौरान कोलकाता की ओर जा रहे एक कंटेनर को रोका था। तलाशी के दौरान कंटेनर में भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। बरामद मांस के नमूनों को जांच के लिए आगरा स्थित प्रयोगशाला भेजा गया, जहां परीक्षण में उसके गौमांस होने की पुष्टि हुई। हिमाचल के विलासपुर जिले के वाह गांव निवासी कंटेनर चालक नवीन कुमार से पुलिस ने पूछताछ की तो उसके पास फर्जी



कागजात निकले। उक्त मामले में जांच के बाद पुलिस ने सहसपुर निवासी अतीक अहमद को मुख्य आरोपी बनाया गया था ।

### फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फंसा अतीक अहमद

उमर इंटरनेशनल फैक्ट्री मालिक अतीक अहमद ने नगर पंचायत सहसपुर की चेयरपर्सन नाहिद परवीन, नगर पंचायत के सभी 15 सभासदों, ग्राम सहसपुर देहात के प्रधान मोहम्मद आदिल और ग्राम रसूलपुर उर्फ राजीपुर के प्रधान के लेटर पैड पर फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार कराए थे, जिसका जांच में खुलासा हुआ और अतीक अहमद पर मुकदमा भी दर्ज हुआ। फर्जी दस्तावेज बनाने के बाद से अतीक अहमद प्रशासन की नजरों में आ गया था, जिसकी कुंडली खंगालने में प्रशासन जुट गया था ।

### भवन व भूमि की कीमत 168 करोड़ आंकी गयी

**पुलिस और प्रशासन द्वारा उमर इंटरनेशनल से अवैध कब्जे को हटाने के बाद अतीक अहमद के नाम खरीदी गयी सम्पत्ति का टीम गठित कर मूल्यांकन कराया गया था। मूल्यांकन रिपोर्ट में भूमि और भवन की कुल कीमत लगभग 168 करोड़ 13 लाख रुपये आंकी गई। जांच एजेंसियों ने पाया कि यह संपत्ति अपराध से अर्जित धनराशि से बनाई और खरीदी गई थी। जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर तथा पुलिस अधीक्षक जालौन की आख्या और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट जालौन राजेश कुमार पांडेय की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 ( 1 ) के तहत उक्त संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।**

### प्रदूषण विभाग की रिपोर्ट के बाद सील किया था स्लाटर

**प्रदूषण विभाग की रिपोर्ट और अग्निशमन के मानक पूर्ण न होने पर प्रशासन द्वारा सहसपुर के राजस्व ग्राम याकुबपुर में स्थित उमर इंटरनेशनल को सील किया गया था और एक मुकदमा भी पंजीकृत किया गया ।**

### लोक सम्पत्ति अधिनियम के तहत मुक़दमा दर्ज किया

**वर्ष 2026 में पुलिस को आदिल ने प्रार्थना-पत्र देते आरोप लगाया था कि उमर इंटरनेशनल मीट प्लांट स्वामी द्वारा खसरा नंबर 3 ( सरकारी रास्ता ) और खसरा नंबर 53 ( नाला ) की भूमि पर अवैध रूप से चाहरदीवारी और गेट लगाकर अंदर तक कब्जा किया गया था, जिसे प्रशासन ने हटवाया था, लेकिन अभी भी कुछ हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। पुलिस ने अतीक पर धारा 329( 3 ) 324( 4 ) व सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान अधिनियम18984 ( 2 व 3 ) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया था।**

# निडर होकर काम करें पत्रकार- सुधीर कुमार

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम में 72 मेधावी छात्र पुरस्कृत



कार्यक्रम में अपने विचार रखते राज्य सूचना आयुक्त सुधीर कुमार चौहान।

**नगीना ( चिंगारी )।** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य सूचना आयुक्त सुधीर कुमार चौहान ने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को पत्रकारों के साथ साझा करते हुए उनसे निडरता के साथ अपना काम करते रहने का आव्हान किया। उन्होंने पत्रकारों से जनहित में मिशनरी पत्रकारिता करने का आवाहन किया। इस मौके पर 72 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर एमएम इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के सूचना आयुक्त सुधीर कुमार चौहान, मुख्य वक्ता डॉक्टर बृजेश चौधरी, ज्योतिलाल शर्मा, प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर रतेंद्र बिश्नोई आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता बृजेश चौधरी ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर हिंदी पत्रकारिता की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में भी समाचार-पत्र का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने लोगों से स्वयं तथा अपने बच्चों को भी नियमित तौर पर अखबार पढ़ने की आदत डालने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि आईएएस व पीसीएस की परीक्षा सफल करने वाले अधिकतर अभ्यर्थियों ने अपने इंटरव्यू में हमेशा नियमित समाचार-पत्र पढ़ने की बात स्वीकार की है।

प्रदेश के सूचना आयुक्त सुधीर कुमार चौहान ने पत्रकारों के समक्ष आ रही विभिन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से निर्भीक होकर निष्पक्ष पत्रकारिता करने का आवाहन किया। इस मौके पर पर मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया




कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील।

गया। हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने अपनी हास्य कविताओं से लोगों को खूब गुदगुदाया। उर्दू शायर डॉक्टर आलमगीर काजमी ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक मनमोहक कविता सुनाई। वरिष्ठ पत्रकार मनोज बाल्मीकि व डॉक्टर संदीप शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शहनवाज खलील, कार्यक्रम संयोजक मुकेश त्यागी, धर्मेंद्र चौधरी, रोहित कुमार रवि, सभासद गोपाल शर्मा, मनोज बाल्मीकि, डॉक्टर संदीप शर्मा, राजकुमार सेठी, डॉ. अंजू बिश्नोई, नंदकिशोर सैनी, अफसार सिद्दीकी, मुनीर आलम आदि मौजूद रहे।

# 'लोगों का काम है कहना, आपका हक़ है ज़िन्दा रहना'



-हिंदुस्तानी

**आज का विचार**

अब तक सुना-पढ़ा था बच्चे ने फेल होकर, प्रेमी-प्रेमिका ने प्यार में धोखा खाकर या किसी ने कर्ज में डूबकर आत्महत्या कर ली, लेकिन अपनी पुत्र वधू स्नेहा के मॉडर्न लाइफ़ स्टाइल से आहत होकर सास-ससुर ने हरियाणा में अपनी जान दे दी। इसके पीछे की वजह जानकर आपको भी दुख होगा, हैरत भी होगी। हुआ यह कि स्नेहा दिल्ली के मॉडर्न परिवार में पली-बढ़ी एक खुले विचारों की लड़की है। स्नेहा की लव मैरिज हरियाणा के पानीपत के गांव नारा निवासी आशीष के साथ परिवार की सहमति से ही हुई थी। आशीष अपने माता-पिता राजेश और पत्नी सुमन का इकलौता बेटा है। चूंकि स्नेहा मॉडर्न परिवार से थी और गांव के माहौल में ढलना नहीं चाहती थी। सास-ससुर को उसके छोटे कपड़ों से परेशानी थी। उसके पहनावे और रहन-सहन को लेकर अक्सर घर में टोका-टाकी होती थी। सुमन और राजेश चाहते थे कि बहू सूट और साड़ी पहने, लेकिन स्नेहा को यह रोक-टोक मंजूर नहीं थी, जिसकी वजह से परिवार में अक्सर झगड़ा होता रहता था। पिछले दिनों फिर इसी बात को लेकर जबरदस्त विवाद हुआ, जिसके बाद स्नेहा के सास-ससुर राजेश और सुमन ने विषैला सल्फ़ास खा लिया। दोनों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। एक ही घर से दो अर्थियां उठने से पूरे गांव में सन्नाटा छा गया।

सुसाइड की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बहू पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि बहू दिल्ली के मॉडर्न परिवार में पली-बढ़ी थी और वह शादी के बाद गांव के माहौल में ढलने को किसी कीमत पर भी तैयार नहीं थी। तलाक़ ही एक रास्ता था जिसके लिए पति तैयार नहीं था। उसका पति भी उसको अपने तरीके से जीने की आज़ादी देने के पक्ष में था। वह दिल्ली का कल्चर छोड़ना नहीं चाहती थी। उसके पहनावे और रील्स बनाने के शौक को लेकर अक्सर सास-ससुर और गांव वाले टोका-टाकी करते थेए, जो धीरे-धीरे बड़े क्लेश का रूप लेने लगा। सवाल यह है कि आप जिस परिवेश में रहते हैं जिस सोच के हैं और जिस जीवन शैली को पसंद करते हैं उसके जैसी ही बहु लानी चाहिए, लेकिन क्योंकि लड़के ने सोशल मीडिया पर प्रेमिका बनी लड़की से अपनी पसंद से लव मैरिज की थी तो सास-ससुर को शादी की सहमति नहीं देनी थी। अगर आपका लड़का नहीं मानता तो आपको उससे संबंध तोड़ लेने थे या सीमित कर लेने थे। अपने लड़के और मॉडर्न बहु को कहीं शहर में रखना था। अगर गांव में रखना मजबूरी थी तो लोग क्या कहेंगे इसकी परवाह नहीं करनी थी, क्योंकि लोगों का काम है कहना और आपका हक़ है सम्मान के साथ ज़िंदा रहना। गांव हो या शहर हर किसी को अपने हिसाब से शादी करना अपने तरीके से जीना और अपनी पसंद के कपड़े व खाना बुनियादी अधिकार है। इस अलग राय सोच और समझ को लेकर झगड़ा करना गांव वालों के ताने सुनकर अपमानित महसूस करना और यहां तक कि जान दे देना ठीक नहीं माना जा सकता। सास ससुर को हर हाल में ज़िंदा रहने का उसी तरह अधिकार है जैसे बहु को अपने छोटे कपड़ों और खुले विचारों के साथ जीना पसंद रहा है। अंजुम रहबर का एक शेर याद आ रहा है-

**'उसकी पसंद और थी मेरी पसंद और, इतनी ज़रा सी बात पे घर छोड़ना पड़ा।'**

**भली लगे या बुरी ...**

## भारत-अमेरिकी संबंधों में उतार-चढ़ाव

पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति में पैदा अस्थिरता और उथलपुथल से भारत-अमेरिका संबंधों में भी उतार-चढ़ाव आता रहा, पर इसके बावजूद अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रूबियो की हालिया भारत यात्रा तथा इस दौरान हुए क्वाड विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों के बारे में भारत-अमेरिका समझौता मजबूत होते द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। चार सालों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल पर हमास के आतंकी हमले के बाद गाज़ा में व्यापक सैनिक कार्रवाई तथा ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले से संभवत: द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक राजनीति में सबसे बड़ी हलचल पैदा हुई। इस दौरान जहां संयुक्त राष्ट्रसंघ व सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थायें नाकारा साबित हुईं, वहीं यह भी लगा कि कुछ ऐसे देश एकजुट हो रहे हैं जहां लोकतंत्र का नामोनिशान नहीं है। यह स्थिति दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों-भारत और अमेरिका के लिए चिन्ताजनक है। जहां तक भारत-अमेरिका संबंधों का सवाल है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वर्तमान कार्यकाल में भारत समेत दुनिया के अनेक देशों में लगे भारी टैरिफ, एच-1बी वीसा पर नियंत्रणों तथा प्रख्यात अमेरिकी विश्वविद्यालयों के पर कतरने को लेकर हुए प्रयासों से स्वयं अमेरिका की छवि में भारी गिरावट आई और उसके यूरोपीय सहयोगियों से भी मतभेद कड़वाहट के स्तर पर पहुंच गए। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा दे कर दूसरी बार सत्ता में आए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकन वर्चस्व सारी दुनिया पर थोपने के ऐसे भोंड़े प्रयास किए जिससे सारी दुनिया में उथल-पुथल च गई। हालांकि, ट्रंप भारत को अपना मित्र तथा मोदी को 'महान नेता' कहते रहे, पर पाकिस्तान से बढ़ती नजदीकियों तथा चीन के साथ संबंध सुधार के प्रयासों और उसे अनेक मामलों में रियायतें देने से स्थितियां बहुत विरोधाभासी बन गई हैं। भारत ने इन परिस्थितियों में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' पर जोर देने के साथ बहुत तेजी से 'आपदा में अवसर' तलाशने के प्रयास किए। साथ ही भारत ने यूरोपीय देशों से अपने संबंध सुधारे तथा यूरोपीय संघ-ईयू से मुक्त व्यापार समझौता कर अमेरिकी राष्ट्रपति को बता दिया कि भारतीय रणनीति व राजनय को कम नहीं आंका जा सकता है।

# TET की अनिवार्यता : सरकार इस नीति पर करे पुनर्विचार



▶▶ रितेश भटनागर

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपंकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने शुक्रवार 29 मई 2026 को समीक्षा याचिकाओं पर दिये फैसले में TET की अनिवार्यता को बरकरार रखा है, बस यह समय सीमा 1 साल बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दिया गया है।

देशभर में TET की अनिवार्यता के कारण लाखों शिक्षक प्रभावित होने की आशंका है, अकेले यूपी में लगभग एक लाख 86 हजार शिक्षक TET से प्रभावित हैं। यह आंकड़ा विभिन्न राज्यों को जोड़कर 20 लाख तक पहुंच सकता है,जबकि शिक्षक संगठनों का दावा है, इसका प्रभाव 50 लाख से अधिक शिक्षकों पर पड़ेगा।

शिक्षा व्यवस्था किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है, इस रीढ़ को सीधा रखने का कार्य शिक्षक करते हैं। हाल के वर्षों में शिक्षा सुधारों के नाम पर जो नीतियां अपनाई जा रही हैं, उनमें से एक सेवाकालीन शिक्षकों पर अनिवार्य पात्रता परीक्षा टेट का प्रावधान है। प्रश्न यह नहीं है कि शिक्षक योग्य है या नहीं, प्रश्न यह है कि क्या योग्यता का पैमाना वर्षों के अनुभव को दरकिनार कर केवल एक तीन घंटे की परीक्षा होनी चाहिए?

हमारे प्रशासनिक ढांचे में डॉक्टर, इंजीनियर पीसीएस, IAS, वकील और उन सरकारी कर्मचारी सेवा में आने के बाद निरंतर कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। कभी सुना गया है कि किसी कुशल सर्जन को 10 साल बाद पुन: NEET की परीक्षा देनी पड़ी हो, किसी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को पदोन्नति से पूर्व यूपीएससी क्लियर करनी पड़ी हो, किसी APO को या किसी जज को पुन: परीक्षा उत्तीर्ण करनी पड़ी हो। यदि अन्य सेवाओं में अनुभव और निरंतर कार्य प्रदर्शन (ACR) को उनकी पात्रता का आधार माना जाता है,तो शिक्षकों के साथ यह दोहरा मापदंड क्यों? यह ऐसे वर्ग को %कमतर% आंकने का प्रयास है, जो स्वयं नई पीढ़ी के भविष्य का निर्माता है, फिर केवल शिक्षकों को ही बार-बार यह सिद्ध करना क्यों पड़ रहा है कि वह पढ़ाने के योग्य है। यह असमानता न केवल नीतिगत भेदभाव है, बल्कि उस सम्मान का अपमान भी है, जिसके शिक्षक वास्तविक अधिकारी हैं।




20 वर्ष से सेवारत एक शिक्षक जानता है कि किस बच्चे को किस तरह समझाया जाए, किस परिवार की सामाजिक, आर्थिक परिस्थिति का असर उसके सीखने पर पड़ रहा है, किस विद्यार्थी में प्रतिभा छिपी है जिसे बाहर लाना है।

यह ज्ञान किसी MCQ आधारित TET प्रश्न पत्र में नहीं होता। यह संवेदनशीलता, यह सामाजिक बोध, यह शैक्षणिक समझ वर्षों के अनुभव से जन्म लेती है। एक अनुभवी शिक्षक की कक्षा में जो शिक्षण होता है, वह उसे नये शिक्षक की तुलना में कहीं अधिक प्रभावशाली होता है जिसने TET परीक्षा तो पास कर ली है, लेकिन जिसे कक्षा प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव शून्य है।

परिणाम बोलते हैं जिन शिक्षकों पर आज TET की तलवार लटकाई जा रही है, उनमें से अनेक ने अपने विद्यालय में नामांकन बढ़ाया, ड्रॉप आउट दर घटाई, पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को मुख्य धारा से जोड़ा और राष्ट्रीय प्रतिभा खोज, ओलंपियाड तथा अन्य प्रतिष्ठित परीक्षा में अपने विद्यार्थियों को सफल कराया। क्या यह सब किसी परीक्षा से कम प्रमाण है?

एक महिला शिक्षिका जो दूरस्थ गांव में पढ़ा रही है, जिसके कंधों पर घर, बच्चे और विद्यालय तीनों की जिम्मेदारी है- वह किस परिस्थिति में परीक्षा की तैयारी करे?

जो शिक्षक वर्षों से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बीच विभिन्न सामाजिक चुनौतियों का सामना करते हुए छात्रों को तराश रहे हैं, क्या उनका व्यावहारिक अनुभव किसी परीक्षा के अंक पत्र से कम है? आज का शिक्षक केवल कक्षा में पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे बारह खाने का रिंच बना रखा है, जहां जैसी जरूरत उसे वहां लगा देते हैं। चुनाव, SIR, जनगणना डाटा एंट्री, BLO कार्य,आधार बनवाना, विभिन्न सरकारी योजनाओं को अभिभावकों के समक्ष ले जाना, तमाम ऐसे कार्य, जिनकी संख्या कम से कम चार दर्जन से ज्यादा है, बाकी बचे हुए समय में बेचारा शिक्षण कार्य भी कराता है। एक प्रकार से शिक्षक सामाजिक सांस्कृतिक राजदूत के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन पर ऐसी परीक्षाओं का बोझ उनके मूल कार्य शिक्षक से विमुख कर देता है।

किसी भी पेशे में उत्कृष्टता के लिए मनोबल की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब एक शिक्षक-जिसने 30 वर्षों में हजारों बच्चों के जीवन को दिशा दी हो, उसे यह महसूस कराया जाए कि उसकी योग्यता अभी भी संदेह के घेरे में है, तो उसका उसके मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ेगा? शिक्षक समाज का मनोबल टूटना केवल उस व्यक्ति की पीड़ा नहीं है- यह उन सैकड़ों बच्चों की क्षति है, जो उस कक्षा में बैठते हैं। एक निराश, अपमानित और प्रशासनिक दबाव में दबा शिक्षक वह ऊर्जा, वह उत्साह और समर्पण नहीं दे सकता, जो एक सम्मानित और प्रेरित शिक्षक देता है।

एक शिक्षक का योगदान केवल कक्षा की चारदिवारी तक सीमित नहीं होता, वह गांव में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाता है। वह बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाता है, वह पहली पीढ़ी के पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को विश्वास दिलाता है कि शिक्षा में निवेश व्यर्थ नहीं जाएगा। वह कोरोना जैसी महामारी में भी ऑनलाइन-ऑफलाइन हर तरह से बच्चों से जुड़ा रहा है।

सरकार इस नीति पर पुनर्विचार करे। अनुभव को योग्यता का प्राथमिक आधार माने। सेवाकालीन परीक्षाओं के स्थान पर सतत व्यवसायिक विकास (कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट) और कार्यशालाओं (वर्कशॉप) को बढ़ावा दें। एक ऐसी नीति का निर्माण करें जो शिक्षकों को परीक्षा के डर में नहीं, बल्कि नवाचार के आत्मविश्वास में रखें।

एक निश्चित सेवावर्ष (जैसे 10 वर्ष या अधिक) पूरे कर चुके शिक्षकों को TET से पूर्ण छूट दी जाए। उनके अनुभवों को संस्थागत रूप से मान्यता दी जाए। राज्य सरकारें केंद्र के साथ मिलकर एक संबंधित नीति बनाए, जो संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के सिद्धांत का पालन करे- जहां समान परिस्थितियों में समान नियम लागू हो।

एक शिक्षक का योगदान केवल कक्षा की चारदिवारी तक सीमित नहीं होता। वह गांव में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाता है। वह बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाता है, वह पहली पीढ़ी के पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को विश्वास दिलाता है कि शिक्षा में निवेश व्यर्थ नहीं जाएगा। वह कोरोना जैसी महामारी में भी ऑनलाइन-ऑफलाइन हर तरह से बच्चों से जुड़ा रहा है।

# पीड़ितों के पक्ष में खड़े रहें पत्रकार

## समारोहपूर्वक मनाया हिन्दी पत्रकारिता दिवस



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** आदर्श प्रेस क्लब द्वारा रविवार को स्थानीय सनातन धर्मशाला में हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह मनाया गया। पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी की अध्यक्षता व क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सिंह, भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता जहीर खान एड., शिवसेना के जिलाध्यक्ष संजय राणा, अब्दुल रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन के चेयरमैन मौ. जैद व ताइक्वांडो कोच मौ.आरिफ बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पत्रकारों के सम्मुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला, साथ ही उनसे निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए उनसे पीड़ितों के पक्ष में खड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, युवा भाजपा नेता भीम सिंह रावत, ग्राम प्रधान मौ. रिजवान, एनयू खान, शमीम गुल, महबूब अहमद, पूर्व प्रधान अब्दुल वहाब, सभासद रिजवान हसन, शेख इस्लामुद्दीन, कामिल खान, पूर्व सपा नगर अध्यक्ष शेख हसीब, भाकियू टिकैत के नगर अध्यक्ष वसीम गुर्जर, कॉमरेड फूल सिंह, एफआर अंसारी, गय्यूर अली खान, प्रमोद बजाज एड., परवेंद्र चौहान, वीरेंद्र अग्रवाल, शेख मौ. यूसुफ, नितिन कौशिक, सिराजुद्दीन मलिक, अख्तर सिद्दीकी, मौ.शावेज, हाजी अब्दुल बारी आदि की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में एसएम असलम, विक्रम सिंह, गौरव गुप्ता, सुभाष तोमर, फिरोज बेग, शाहिद एड., राजेन्द्र सिंह, डॉ.एएच साबरी, वेदपाल सिंह, सुखचैन सिंह का अहम सहयोग रहा।

# पिस्टल के साथ फोटो वायरल करना महंगा पड़ा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** लाईसेंसी पिस्टल की फोटो सोशल मीडिया पर बायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दो लोगों को गिरफ्तार कर पिस्टल भी बरामद कर ली। नगर के मोहल्ला पीर का बाजार बाल्मीकि बस्ती निवासी राजा पुत्र भारत का हाथ में पिस्टल लिए फोटो सोशल मिडिया पर वायरल हुआ जिसकी शिकायत पुलिस तक पहुंची तो पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी । पुलिस ने राजा को गिरफ्तार कर पुछताछ की तो उसने बताया कि यह पिस्टल उसके मामा सुभाषचंद पुत्र हरफूल निवासी कुरी बांगर का है जिस पर उसके मामा सुभाष को भी पुलिस ने बुलाया। सुभाष ने बताया कि उसे जानकारी नहीं कब उसने फोटो खिंचाया है। पुलिस ने पिस्टल बरामद किया। दोनों पर मुकदमा दर्ज किया। बाद में दोनों को जमानत पर छोड़ दिया गया।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते 12 पदक

**खासपुरा ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित कण्व आश्रम में आयोजित फर्स्ट वीर भारत ओपन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में रघुकुल ग्लोबल एकेडमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12 पदक जीते। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 8 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। देवांशी तथा गुरप्रीत सिंह ने स्वर्ण पदक, आलोक सैनी तथा हंश कुमार ने रजत पदक तथा कुणाल त्यागी,अंश कुमार, रुद्रांश चौहान, ध्रुव चौहान, ऋषभ चौधरी, हर्ष दलाल, दीपक सैनी और मोहम्मद अल्फैज़ ने रजत पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के ताइक्वांडो प्रशिक्षक विजेन्द्र कुमार राजपूत ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशीष वीर सिंह त्यागी ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि रघुकुल ग्लोबल एकेडमी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।



# विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं प्रधान- ललित शर्मा

## प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष पंडित ललित शर्मा ने कहा कि संगठन की लंबे समय से चली आ रही मांग पर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने का निर्णय सराहनीय है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और पंचायतों के हित में सकारात्मक कार्य करने का आह्वान किया।

रविवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, बिजनौर के तत्वावधान में विकास भवन सभागार में ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव गणेश ठाकुर एड. एवं प्रदेश सचिव डा. महाराज सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। जिला पंचायत राज अधिकारी डा. प्रीतम सिंह ने ग्राम प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग सदैव तत्पर रहेगा। नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने ग्राम प्रधानों की एकता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही प्रभावी ढंग से वह ग्राम प्रधानों के हितों की लड़ाई लड़ सकेगा।

समारोह में स्वाहेड़ी निवासी धीरेंद्र सिंह को संगठन का मंडल उपाध्यक्ष व नया गांव के ग्राम प्रधान संजय सिंह को मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष सोमदेव सिंह की अध्यक्षता व डा. सत्येंद्र शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में डा. महाराज सिंह, राहुल हुड्डा, संजय सिंह, हिमांशु राजपूत, विनय कुमार, उदित कुमार, सुरेश सिंह, हेमेंद्र सिंह, रमेश सिंह, मौ. अशफाक, निरंजन कुमार, मीना शर्मा, विकास राजपूत आदि ने विचार रखे।


खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



# दो विकास खंडों को जोड़ने वाला हल्दौर जलीलपुर संपर्क मार्ग बदहाल

**फ़िरोज़ आलम**

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )**। विकास के दावों के बीच हल्दौर-जलीलपुर वाया हीमपुर-पुट्ठा संपर्क मार्ग की बदहाली व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। दो विकास खंडों को आपस में जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग काफी समय से मरम्मत और पुनर्निर्माण की बाट जोह रहा है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे, उखड़ी हुई डामर की परत और जलभराव के कारण यह मार्ग राहगीरों के लिए खतरे का पर्याय बन चुका है।



यह संपर्क मार्ग हल्दौर और जलीलपुर विकास खंड को सीधे जोड़ता है तथा पुट्ठा, मारुपुर, जोगीओंधा, सिकरोंधा, हीमपुर दीपा, शेरपुर कल्याण, किनान उर्फ माड़ी, मडोरा जट्ट, ननूपुरा, खेरपुर सहित दर्जनों गांवों की जीवनरेखा माना जाता है। क्षेत्र के लोग रोजमर्रा के कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बाजार आने-जाने के लिए इसी सड़क पर निर्भर हैं। लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों का सफर कठिन और जोखिम भरा बन गया है।



राजेश कुमार | जितेंद्र सिंह धीमान | इरशाद अहमद | मनोज ढाका

सर्वश्री ओमवीर पहलवान, मुनेश्वर सिंह, मनोज ढाका, नफीस अहमद, इरशाद अली, राजेश कुमार, जितेंद्र सिंह, नवीन कुमार, कुलवंत सिंह, मोहम्मद अली, सानू ठेकेदार, उमेश मास्टर, डॉ. राहुल, मोंटी रवी, अंसार अहमद, राहुल ठाकुर, धीरसिंह उर्फ बिल्लू आदि क्षेत्रवासियों का कहना है कि हीमपुर दीपा से मारुपुर, पुट्ठा तक मार्ग बुरी तरह से जर्जर हालत में है,जगह-जगह सड़क की परत उखड़ कर बदहाली बयां कर रही है। तीन विधानसभा और दो लोकसभा क्षेत्रों का अंतिम छोर, फिर भी विकास से दूर, पुट्ठा, माड़ी और मारुपुर गांव आपस में मात्र 500 मीटर से भी कम की दूरी पर स्थित हैं। विशेष बात यह है कि ये गांव चांदपुर, नहटौर और बिजनौर सदर विधानसभा क्षेत्रों की सीमा पर स्थित हैं। वहीं लोकसभा क्षेत्र बिजनौर और नगीना की भी अंतिम सीमा में आते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र के विकास कार्यों की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# मदरसा बोर्ड के मेधावियों को योगी सरकार करेगी सम्मानित

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप- तीन छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा। इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। वर्ष 2026 की उ.प्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं।






## टपरौला में श्रीराम कथा का आयोजन

### नौ दिवसीय कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

**नहटौर ( चिंगारी )**। ग्राम टपरौला में श्रीराम कथा के शुभारंभ पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रीराम के जयघोष के साथ गांव के चारों ओर शोभायात्रा निकाली। श्रीराम कथा के मुख्य यजवान सचिन चौहान सहपत्नी मनोरमा चौहान रहीं। नौ दिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ में मंगल कलश उठाकर कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जय श्री राम, जय सियाराम, जय हनुमान के जय घोष के साथ गांव में चारों ओर यात्रा निकली गई, जिसके चलते गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास पंडित राम रसिक जी महाराज, आचार्य रोहित भारद्वाज ने कलश यात्रा का महत्व समझाया। कलश शोभायात्रा में मुख्य यजवान सचिन चौहान, मनोरमा, शिल्पी, उर्मिला देवी, रानी देवी, नीतू देवी, आशा देवी नूतन देवी, ममता, दीपन, चंपा देवी, अमृता देवी,जीतू देवी, आवेश, उर्मि चौहान, पूजा, सावित्री, दयावती, मीनाक्षी, राजकली, कृपाल सिंह, मदन सिंह, लोकेंद्र सिंह, त्रिलोक चंद, रूपेश चौहान, विनोद चौहान, केशव, कुसुम पाल, कोमल, राजेश शर्मा, अंकुल चौहान, अमित कुमार, हिमांशु, संदीप कुमार, संचित, विमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, डॉ. मुकेश गिरि, कृष्णागिरि, दिनेश गिरि, नरेश गिरि, नरेश चौहान, वीरेन चौहान, रामकुमार भगत जी, नरदेव सिंह आदि श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।




# श्रीकृष्ण विदुर मंदिर के वार्षिक स्थापना दिवस पर कल होगा 'विदुर उत्सव'

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद बिजनौर के सुप्रसिद्ध महाभारतकालीन धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल श्रीकृष्ण विदुर मंदिर, विदुरकुटी के वार्षिक स्थापना दिवस के पावन अवसर पर कल 02 जून (मंगलवार) को 'विदुर उत्सव' का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री विदुर सेवा आश्रम समिति, विदुरकुटी द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी बिजनौर तथा सचिव उपजिलाधिकारी बिजनौर हैं।



महात्मा विदुर



गीतकार अमन अक्षर

उत्सव के अंतर्गत प्रात:कालीन कार्यक्रम प्रात: 7:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित होंगे, जिनमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ, श्रीकृष्ण-विदुर पूजन एवं आरती तथा भोग अर्पण एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। सायंकालीन कार्यक्रम का आयोजन श्री विदुर सेवा आश्रम, विदुरकुटी में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ सायं 5:30 बजे कला प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा। इसके पश्चात सायं 6:00 बजे से 8:30 बजे तक दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत, महात्मा विदुर एवं विदुर नीति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुगम संगीत प्रस्तुति, महाभारतकालीन प्रसंगों पर आधारित नाट्य मंचन तथा विदुरकुटी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व पर उद्बोधन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रख्यात कवि एवं गीतकार श्री अमन अक्षर (इंदौर) की प्रस्तुति रहेगी। वे अपनी काव्य एवं गीतात्मक रचनाओं के माध्यम से महात्मा विदुर, भगवान श्रीकृष्ण तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक श्री सौम्य अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई।

# पानी की टंकी के फ्रेम चुराने वाले जेल भेजे

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** पानी की टंकी से लोहे के फ्रेम चुराकर ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी गौतम पुत्र फूल सिंह व जितेंद्र उर्फ कलुआ पुत्र विरमजीत निवासी कड़ा वजीदपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उन्हें संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। मालूम हो कि थाना क्षेत्र के ननुपुरा गांव में जल निगम विभाग द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। शनिवार को चोरी छुपे दोनों आरोपी निर्माण स्थल पर पहुंचे और पिलर में लगने वाले लोहे के भारी फ्रेम ई रिक्शा में लादकर ले जाने लगे। चोरी की आशंका होने पर लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ठेकेदार सचिन कुमार द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई थी।

**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# धामपुर के अबान ने राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक

**बिजनौर (चिंगारी)।** धामपुर के मोहल्ला अफगानान निवासी अबान पठान ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया है। उनकी उपलब्धि पर धामपुर में भी हर्ष का माहौल है।

वर्तमान में दिल्ली के समरविल स्कूल में कक्षा 12 के छात्र एवं 16 वर्षीय अबान पठान एक होनहार विद्यार्थी होने के साथ-साथ प्रतिभाशाली एथलीट और ग्रैपलिंग खिलाड़ी भी हैं। 29 मई को आयोजित राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैम्पियनशिप में अंडर-17 वर्ग में भाग लेते हुए अबान पठान ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस जीत से परिवार, विद्यालय तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पिता अहमर खान और माँ इकरामी खानम ने खुशी जताई। लोग बधाई दे रहे हैं।




## पहले भी जीत चुके हैं पदक

**अबान ने अपनी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर लगातार सफलता प्राप्त की है। इससे पूर्व उन्होंने 9 नवम्बर 2025 को दिल्ली के द्वारका में आयोजित जिला स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।**

# पेट्रोल पम्पों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में संचालित अधिकतर पेट्रोल पंपों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जो वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना है उनमें भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण इलाकों के पेट्रोल पंप पर यात्रियों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधायें या तो पूरी तरह नदारद हैं या फिर बेहद बदहाल की स्थिति में हैं। सबसे गंभीर स्थिति शौचालय, पेयजल, हवा एयर प्रेशर जैसी सुविधा को लेकर बताई जा रही है, जिसके कारण महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तेल कंपनियों के साफ दिशा निर्देश हैं कि हर एक पेट्रोल पंप पर पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय, पेयजल, हवा भरने की मशीन, हवा भरने में माहिर प्रशिक्षित



कर्मी, साफ सफाई और उचित प्रकाश व्यवस्था हो फिर भी नियमों का उल्लंघन किसी से छुपा नहीं, दूसरी ओर जिला अधिकारी के सख्त निर्देशों के चलते नो हेलमेट नो फ्यूल का पोस्टर तो तो चस्पां करा दिया गया है फिर भी बिना हेलमेट और केन तथा बोतलों में धड़ल्ले से तेल वितरण चल रहा है



# सरकारी नीतियों से दस्तावेज लेखकों का पेशा ख़तरे में

## अधिवेशन में जताया रोष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उ.प्र. दस्तावेज लेखक एसोसिएशन (पंजीकृत) इकाई बिजनौर के वार्षिक अधिवेशन में वक्ताओं ने कहा कि बदलती व्यवस्थाओं और सरकारी नीतियों के कारण दस्तावेज लेखकों के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। इस दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यों के हितों की रक्षा और पेशे से जुड़े लोगों की समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

रविवार को वीके गार्डन बैंक्वेट हॉल में आयोजित जिला कार्यकारिणी के तत्वावधान में आयोजित अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने और दस्तावेज लेखकों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद चौधरी, प्रांतीय मंत्री मनोज कुमार कुराली, प्रदेश संगठन मंत्री बाबू अली व मंडल संगठन मंत्री सवित कुमार गौतम ने संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दस्तावेज लेखकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है।

जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता ही दस्तावेज लेखकों के अधिकारों और हितों की रक्षा सुनिश्चित कर सकती है। अधिवेशन में ओमप्रकाश सिंह, बिजनौर अध्यक्ष रणवीर सिंह, देशबंधु वर्मा बंटी, नरेश जैन, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित सभी तहसीलों के इकाई अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सत्ता परिवर्तन यात्रा की सफलता हेतु भ्रमण किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की इंदिरा बाल भवन बिजनौर में 4 जून को सत्ता परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। रविवार को पार्टी के नेता गौहर इकबाल एडवोकेट,जिला पंचायत सदस्य ठाकुर आयुष चौहान व मंडल प्रभारी सलीम अंसारी ने क्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान ग्राम ढेला अहीर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं ने इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी तथा आजाद समाज पार्टी के बगैर प्रदेश में सरकार नहीं बनेगी। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सत्ता परिवर्तन यात्रा के लिए जनसंपर्क करते आसपा नेता।


# घर में लगी आग में लाखों का सामान जलकर राख



**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर के मोहल्ला रामनगर के एक मकान में उठी आग की लपटों ने घर में रखा सामान जलाकर राख कर दिया। संभावना जताई जा रही कि आग बिजली के शार्ट सर्किट के कारण लगी होगी। आग की लपटें उठते देख पड़ोसियों ने बिजली का केबिल काटकर पानी की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया। बता दें कि मोहल्ला रामनगर निवासी उमेश पिछले कुछ समय से विदेश (कतर) में काम कर रहे हैं। घर पर पत्नी प्रियंका अपने तीन छोटे बच्चों के साथ रहती है। रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे घर में अचानक धुंआ उठने लगा। उस समय प्रियंका और बच्चे पड़ोस में गए थे। आग को फैलता देख पड़ोसियों की मदद से बामुश्किल आग पर काबू पाया गया, लेकिन जब तक घर में रखा सारा सामान जल चुका था। आग इतनी भीषण थी कि मकान की छत का सीमेंट भी टूटकर नीचे गिर गया। पीड़िता और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रालोद महासचिव बने सुबोध कुमार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रावटी गांव निवासी सुबोध कुमार को रालोद का जिला महासचिव बनाए जाने से क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने पार्टी के प्रति निष्ठा सक्रियता एवं समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूत बनाने में योगदान करते रहेंगे।



# शराब की दुकान में हुई चोरी

**नूरपुर ( चिंगारी )। कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी रुचि गुप्ता पत्नी सिद्धार्थ गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मुरादाबाद रोड पर गत दो वर्षों से उनकी अंग्रेजी शराब की दुकान है। शनिवार की रात दुकान के पीछे का रोशनदान तोड़कर चोर दुकान में घुस गए तथा दुकान में रखे शराब के कुछ पव्वे व अद्धे चोरी कर ले गए। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।**






# ट्रक चालक का हत्यारा दिल्ली से गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** चाकू घोपकर ट्रक चालक की हत्या कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 19 फरवरी की शाम मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी सलमान पुत्र नसरुल्ला गन्ने के ट्रक को लेकर शुगर मिल गया था। शुगर मिल में जब वह टोकन लेने गया तो उसका झगड़ा ट्रक चालक अजीम से हो गया, जिसमें ट्रक चालक को अजीम ने चाकू से हमला कर सलमान की हत्या की और फरार हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अजीम घर से दिल्ली चला गया और रेलवे स्टेशन पर बसेरा बना लिया। दुकानों पर बर्तन साफ करता और अपना पेट भरता था। चार महीने बाद आरोपी अजीम ने अपने घर फोन किया तो पुलिस को उसकी लोकेशन मिली, जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया ।

# चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार किये, हालत गंभीर

**स्योहारा/सहसपुर ( चिंगारी )।** सहसपुर में मोहल्ला मौलवियान निवासी मोहम्मद हस्सान पर जानलेवा हमला हुआ है। हमलावर ने ताबड़तोड़ 10 वार चाकू से किये, जिसमें 3 चाकू के वार हस्सान के शरीर पर लगे, जिससे हस्सान की हालत नजुक हो गई, जिसे स्योहारा से बिजनौर ज़िला अस्पताल रैफर कर दिया गया। थाने में दी गई तहरीर के अनुसार वाटर पार्क में नहाते हुए हस्सान की कैफ पुत्र तस्लीम उर्फ छोटा निवासी मौलवियान से मामूली कहासुनी हो गई। उसके बाद जब वो वहां से वापस आ रहा था, तब कैफ ने मोटर साइकिल रोककर गाली गलौच करने लगा और उसने चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ईदगाह के बाहर नमाज अदा करने पर मुक़दमा दर्ज

## 15 नामजद, 25 अज्ञात

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बकरा ईद पर चांदपुर में ईदगाह के बाहर सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा करने के मामले में पुलिस ने 15 नामजद तथा 20-25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का आरोप है कि शासन की गाइडलाइन और प्रशासनिक आदेशों की जानकारी देने के बावजूद कुछ लोगों ने ईदगाह पर ईद की नमाज अदा नहीं की।

गत 28 मई की सुबह करीब 6:45 बजे जलीलपुर रोड स्थित ईदगाह में ईद की नमाज हुई थी। इसी दौरान 30 से 40 लोगों का एक समूह और ईदगाह के गेट से सड़क के किनारे तक सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा करने लगा। पुलिस के अनुसार मौके पर मौजूद पुलिस बल ने शासन द्वारा जारी गाइडलाइन तथा जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर द्वारा लागू धारा 163 बीएनएसएस के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थान पर एकत्र न होने के लिए समझाया, लेकिन लोगों ने पुलिस की बात नहीं मानी और सड़क किनारे नमाज अदा करने लगे। इस मामले में थाना चांदपुर पुलिस ने शमून, नबी बख़्श, ऐजाज, सलीम, मुशर्रफ, मोहम्मद अहमद, अलीम चौधरी, हाजी अनवार, बदरुद्दीन, विकारुद्दीन, तमीमुद्दीन, एक अन्य आरोपी रफीक, मुमताज, छम्मन उर्फ शैफुद्दीन तथा इरफान समेत 15 नामजद और 20-25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 223 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर दर्ज मुकदमे की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## एश्वर्य मौसम चौधरी ने किया अहिल्याबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण


अहिलयाबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण करते हुए एश्वर्य मौसम चौधरी।


बिजनौर नगर में शोभायात्रा निकालते हुए पाल व धनगर समाज के लोग।

**बिजनौर ( चिंगारी )। अखिल भारतीय पाल समाज के तत्वावधान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वरिष्ठ भाजपा नेता मौसम चौधरी ने पाल समाज के प्रतिनिधियों के साथ शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

शोभायात्रा में सैकड़ों बाइक सवारों के साथ हजारों लोग पैदल शामिल हुए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुन: रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। जिले भर से पाल समाज और धनगर समाज के लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। उत्सव का माहौल रहा।

इस अवसर पर भाजपा नेता मौसम चौधरी ने जोशीले नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच रामलीला मैदान के पास अहिल्याबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाल समाज के जिला अध्यक्ष शीशपाल सिंह पाल ने कीए जबकि संचालन अतुल पाल ने किया। ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह मालवा साम्राज्य की महान और दूरदर्शी महारानी थीं। उन्होंने सुशासन, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण की अनूठी मिसाल पेश की।

सर्वश्री महेंद्र सिंह पाल, बृजपाल, ऋषिराम पाल, रामगोपाल, चंद्रपाल धनगर, गुरुदेव चंदेल, सुरेंद्र पाल, नरेश पाल, माया पाल और उर्मिला पाल सहित कई गणमान्य लोग मंचासीन रहे। इस दौरान हर्षोल्लास का वातावरण रहा। पाल व धनगर समाज के लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर द्वार का निर्माण कराने के लिये सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी एवं भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### वीर सेना ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**शक्ति चौक स्थित महाराणा प्रताप वाटिका पर वीर सेना के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। संगठन की ओर से सभी का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रसिक चौहान, जिला अध्यक्ष राहुल चौहान, युवा जिला अध्यक्ष रजत राजपूत, जिला मुख्य सलाहकार भूपेंद्र प्रताप सिंह, उद्धम चौहान, अभिषेक भारद्वाज, उदित भारद्वाज, प्रयांशु चौहान, अभिषेक राजपूत, हिमांशु राजपूत और ज्ञानवीर राजपूत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# पत्रकारों के सामने गंभीर चुनौतियां : सांसद चंदन चौहान

## पत्रकार में मानवीय संवदेना होनी चाहिए- जयपाल सिंह व्यस्त


टॉपर छात्रा अपेक्षा तोमर को सम्मानित करते हुए अतिथि।


सांसद चंदन चौहान को सम्मानित करते हुए पत्रकारगण।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पत्रकार परिषद चांदपुर के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से निडर होकर सच्चाई को उजागर करने की अपेक्षा की गई, जबकि पत्रकारों ने वर्तमान समय में उनके सामने आ रही चुनौतियों की चर्चा की।

रविवार की रात्रि में पंचवटी में परिषद के संरक्षक गोविन्द मित्तल की अध्यक्षता एवं महासचिव अजय कुमार कौशिक के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान ने कहा कि पत्रकार अपनी जान पर खेल कर समाचार कलेक्ट करता है। पत्रकारों के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। सदस्य विधान परिषद डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि पत्रकार में मानवीय संवेदना होनी चाहिए। कहा कि पत्रकारों को बहुत विषम परिस्थितियों में काम करना पड़ता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि आज पत्रकारों के सामने निष्पक्षता और निडरता के साथ काम करने की गंभीर चुनौती है। इसके बावजूद अनेक पत्रकार ईमानदारी और सच्चाई के साथ काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. पंकज भारद्वाज ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता में सबसे बड़ी चुनौती वर्तमान में सोशल मीडिया है। उन्होंने कहा कि आज अखबार पढ़ने का किसी के पास समय नहीं है। हर समय व्यक्ति मोबाइल में लगा रहता है।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सीबीएसई इंटर में जिला टॉप करने वाली होनहार छात्रा अपेक्षा तोमर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, विनेश त्यागी,डा खूब सिंह, नवीन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अफजल कुरैशी, विजय सिंह चौहान एडवोकेट, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार चौहान, महासचिव मनोज कुमार, कुलदीप सिंह एडवोकेट, नीरज तिवारी एडवोकेट, लक्ष्मी शर्मा एडवोकेट, रालोद नेता हनी तोमर, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, अवनीश त्यागी, राजेन्द्र त्यागी,डा. मुनीर खालिद, शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह,प्रभात गुप्ता एडवोकेट, रायबहादुर आर्य, ज्ञान वर्मा, विपिन अग्रवाल, इफ्तिखार कुरैशी, सौरभ राणा, यशपाल सिंह,का अमर सिंह सैनी, श्रीमती पीयूष राजपूत, अर्जुन सैनी, दीपक कौशिक आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक गोविन्द मित्तल,पवनराज शर्मा,नरेश जावा, अध्यक्ष मौ अजमल, महासचिव अजय कुमार कौशिक, डा. एम के कटारिया, सुभाष जावा, श्याम बाबू गुप्ता, मनोज शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में पत्रकार परिषद के अध्यक्ष मौ. अजमल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## 'शरीर को खोखला कर देता है तंबाकू'



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 स्थित वीरा कॉलेज ने स्मार्ट एन जी ओ द्वारा संचालित कार्यक्रम सेहत सही, लाभ कई के अंतर्गत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में रेडियो संदेश हेड सुनील भारद्वाज ने लोगों को तंबाकू से सेवन से होने वाली बीमारियों एवं उसके द्वारा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को विस्तार से सबको बताया कि तंबाकू हमारे लंग्स कोडायरेक्ट प्रभावित करता है और शरीर को खोखला कर देता है। तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर, गले के कैंसर और फेफड़ों संबंधी बीमारियों को आमंत्रित करता है। इस अवसर पर ग्रामवासी हरिराम सिंह, बलजीत सिंह, रामपाल सिंह, राकेश कुमार, आरती, पूनम सुशीला आशा रेनू आदि उपस्थित रहे। रेडियो संदेश टीम की ओर से सुनील भारद्वाज, शबाना बेग, श्यामल मंडल आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड सरकार में आपसी तालमेल की कमी, जनता बदलाव चाहती है-शैलजा

## राहुल गांधी के दौरे के मद्देनजर उत्तराखण्ड पहुंची प्रदेश प्रभारी




देहरादून ( चिंगारी )। 4 और 5 जून को राहुल गांधी के दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे की तैयारी का जायजा लेने के लिए कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा आज से उत्तराखंड दौरे पर पहुंच गई है। उनके साथ कांग्रेस के सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा और मनोज यादव भी पहुंचे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदिया ने पार्टी पदाधिकारी के साथ आशा रोड़ी के पास उनका स्वागत किया। उसके पश्चात कुमारी शैलजा और गणेश गोदियाल पार्टी पदाधिकारीगणों के साथ राहुल गांधी की प्रस्तावित बैठक के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते समय कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत भी उनके साथ थे। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कांग्रेस मुख्यालय पहुंची, जहां कांग्रेस पदाधिकारीगणों ने बड़ी संख्या मे उनका स्वागत किया।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को गंभीरता से ले रहे हैं। इसीलिए चुनाव से काफी पहले उन्होंने उत्तराखंड को 2 दिन का समय दिया है जिसमें वह 4 जून को अल्मोड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे और इसी दिन पौड़ी में पूर्व सैनिकों से संवाद करेंगे। 5 जून को वह देहरादून में पार्टी पदाधिकारियों से संवाद करेंगे।

कुमारी शैलजा ने कहा कि आज उत्तराखंड सरकार में आपसी तालमेल की बड़ी कमी है। भाजपा नेता, विधायक और मंत्री अंतर कलह में उलझे हुए हैं। यह समय प्रदेश में बदलाव का है। जनता सरकार के कामकाज से खुश नहीं है कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और प्रदेश में बदलाव के लिए कमर कस लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी अल्मोड़ा की जनसभा में उत्तराखंड के मुद्दों को उठाने का काम करेंगे क्योंकि भाजपा सरकार राज्य में जनहित के मुद्दों की लगातार उपेक्षा कर रही है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पौड़ी में राहुल गांधी जी पूर्व सैनिकों से संवाद करेंगे जिसमें वह पूर्व सैनिकों की समस्याओं को जानने का प्रयास करेंगे। कुमारी शैलजा ने बताया कि देहरादून में राहुल गांधी जी कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारीगणों कांग्रेस के पूर्व सांसद, कांग्रेस विधायकों, पूर्व विधायक, कांग्रेस के जिला अध्यक्षों नगर अध्यक्षों तथा फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियो, एआईसीसी सदस्यों तथा पीसीसी सदस्यों से मुलाकात करेंगे और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी को मार्गदर्शन भी देंगे और उनके सुझाव भी आमंत्रित करेंगे

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं कि हमें राहुल गांधी जी का दो दिन का सान्निध्य मिलेगा। इस दौरान वह प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को उठाने का काम करेंगे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ाएंगे। बैठक को चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत और चुनाव कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रीतम सिंह ने भी संबोधित किया।

# व्यापारियों ने पैदल मार्च कर महंगाई के विरुद्ध दिया ज्ञापन



बिजनौर ( चिंगारी )। व्यापारी एकता परिषद के बैनर तले आज महंगाई के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला। इसके बाद कलक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने बढ़ती महंगाई, कमर्शियल गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल एवं बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।

व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश महामंत्री देवेश कुमार ने कहा कि सरकार को बढ़ती महंगाई पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि पिछले एक माह में बढ़ी कमर्शियल गैस, डीजल, पेट्रोल तथा बिजली की कीमतों को वापस लिया जाए और महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। साथ ही व्यापारी समाज की समस्याओं के समाधान एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की मांग भी उठाई गई।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, देवेश चौधरी, शमशाद अहमद अंसारी, नईम अहमद, मोहम्मद काशिफ, मोहम्मद अजहर बुखारी, मुस्तकीम अहमद, आबिद अहमद, विजय मोहन गुप्ता, जुनेद अंसारी, प्रशांत चौधरी, राजीव कुमार, हितेंद्र खरबंदा, मुकीम अहमद, चरण सिंह, आशीष गुप्ता, नमन, विशाल चौधरी, विनीत चौधरी, सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# राशिद राईन का नगीना में भव्य स्वागत



नगीना ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के युवा प्रदेश सचिव शारिक सुल्तान के निवास पर समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राशिद राइन का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री व विधायक मनोज पारस भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी रौशन, पूर्व जिला सचिव बहार अंसारी, शेख अब्दुल समद, वक्कार सिद्दीकी, एडवोकेट शादाब अंसारी, ज़ियाउल कुरैशी, अदनान कुरैशी, डॉक्टर असलम अलवी, दिलशाद रईन, सलमान रईन, निसार राइन, अमान राइन, खालिद राइन, खालिद परवेज राइन, नौशाद राइन, समीर राइन, तसव्वुर राइन, सभासद अरीब राइन, फारूक, शेख तसलीम, शेख सिमोन, शेख जकी सुलतान, इरशाद मुजाहिद अलवी, शानू अलवी, सलीम मनीहार, अजीम भाई भट्टेवाले, खालिद सिद्दीकी, इरशाद सिद्दीकी, जावेद सिद्दीकी, जुहैब शम्सी, दानेश मिर्ज़ा, लक्की मित्तल, विभू मल्होत्रा, सचिन टंडन, विशाल अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर राशिद राइन का फूल-मालाओं से स्वागत किया एवं उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# मौसम साफ होते ही फिर दौड़ी आस्था की राह, केदारनाथ यात्रा दोबारा हुई सुचारु

## प्रशासन की सतर्कता और बेहतर प्रबंधन से टला बड़ा संकट




देहरादून ( चिंगारी )। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान रविवार को खराब मौसम के कारण कुछ समय के लिए आस्था की इस महायात्रा पर विराम लग गया था, लेकिन दोपहर बाद मौसम के साफ होते ही यात्रा मार्ग पर फिर से रौनक लौट आई। जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से लगाई गई अस्थायी रोक को हटा दिया है और केदारनाथ धाम यात्रा को पुन: सुचारु रूप से संचालित कर दिया गया है। इसके साथ ही विभिन्न पड़ावों पर रोके गए हजारों श्रद्धालुओं को चरणबद्ध तरीके से आगे रवाना किया गया।

रविवार प्रात:काल से ही केदारनाथ घाटी और यात्रा मार्ग पर लगातार बारिश तथा प्रतिकूल मौसम की स्थिति बनी हुई थी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में घने बादल छाए रहने और भूस्खलन की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन बड़ा निर्णय लेते हुए यात्रा संचालन को अस्थायी रूप से रोक दिया था। सुरक्षा व्यवस्था के तहत गौरीकुंड, सोनप्रयाग, सीतापुर, फाटा और अन्य प्रमुख पड़ावों पर यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया तथा उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

दोपहर बाद मौसम में सुधार होने और वर्षा थमने के बाद प्रशासनिक एवं तकनीकी टीमों ने तत्काल यात्रा मार्ग का निरीक्षण शुरू किया। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थलों, पहाड़ी ढलानों, पुलों और पैदल मार्ग की स्थिति का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने पर प्रशासन ने यात्रा को पुन: प्रारंभ करने की अनुमति दे दी। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा स्वयं लगातार यात्रा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौसम की परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिया गया था। मौसम साफ होने और मार्ग सुरक्षित पाए जाने के बाद यात्रा को पुन: शुरू कर दिया गया है। सभी पड़ावों पर रोके गए श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से आगे भेजा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां पूरी मुस्तैदी के साथ यात्रा मार्ग पर तैनात हैं तथा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। यात्रा पुन: शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और ष्हर-हर महादेवष् तथा ष्जय बाबा केदारष् के जयघोषों से पूरा यात्रा मार्ग गूंज उठा।

# नुमाइश देखकर लौट रहे परिवार को ट्रक ने टक्कर मारी, महिला की मौत

## परिवार में तीन लोग घायल


मृतका अमीषा का फाइल फोटो

**धामपुर ( चिंगारी )।** रविवार की देर रात्रि एक भयानक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जैसे ही घटना की सूचना परिजनों को मिली उनमें कोहराम मच गया। गंभीर घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 12 बजे राहुल उसकी पत्नी अमिषा, बहन नेहा व माता उर्मिला नुमाइश देखकर पैदल अपने घर को लौट रहे थे। इसी दौरान केनरा बैंक जैतरा के सामने नूरपुर की ओर से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। राहुल, उसकी पत्नी अमीषा, बहन नेहा, माता उर्मिला गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने अमीषा को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की हालत को चिंताजनक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

परिजनों के अनुसार दुर्घटना अचानक हुई थी, वह ट्रक का नंबर भी नहीं देख सके। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद ग्राम जैतरा में शोक का माहौल है।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर राहगीरों को पिलाया शर्बत



**धामपुर ( चिंगारी )।** न्याय, धर्म और जनकल्याण की प्रतिमूर्ति, कुशल शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर अल्हैपुर ब्लॉक कार्यालय के बाहर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस भीषण गर्मी में राहगीरों की सेवा के लिए शर्बत वितरण का आयोजन भी किया गया। युवा भाजपा नेता सौरभ ठाकुर, ग्राम प्रधान प्रदीप चौहान, अजीत राणा, डब्बू पाल, मायेश, गर्वित राजपूत, शालू, पिंटू पाल, अनिकेत, जीतू, भानु, विपिन राणा, काव्य, युवराज पाल आदि मौजूद रहे।

# नुमाइश ठेकेदार की नुमाइश में हो गई बाइक चोरी

**धामपुर ( चिंगारी )।** जैतरा में नूरपुर रोड पर चल रही नुमाइश में नुमाइश ठेकेदार विपिन शेखावत की बाइक रहस्यमय परिस्थितियों में चोरी हो गई। बाइक संख्या यूपी20 एएक्स 4713 से ठेकेदार नुमाइश में पहुंचे और बाइक बाहर खड़ी कर अंदर चले गए थे। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। बाइक नहीं मिलने पर उन्होंने आस-पास काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जैतरा के लोगों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किए जाने की आवश्यकता है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। वहीं बाइक चोरी की इस घटना से नुमाइश देखने आने वालों में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं।

# रेलवे स्टेशन की दिवार से पत्थर उखड़ कर गिरने का सिलसिला जारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रेलवे स्टेशन के विधिवत लोकार्पण से पूर्व ही इसकी बिल्डिंग में लगे लाल पत्थरों के टूटकर गिरने से रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया है। पत्थर टूट कर गिरने से रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग के निर्माण की गुणवत्ता पर भी प्रश्न चिन्ह लगने लगा है ऐसे में कोई गंभीर हादसा ना हो पाए इसलिए अब निर्माण विभाग की टीम ने बिल्डिंग का निरीक्षण शुरू कर दिया है। आज प्रात:धामपुर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि रेलवे की बिल्डिंग का निर्माण करने वाले अधिकारी बिल्डिंग का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित करेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने धामपुर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने की घोषणा की थी परंतु अब धामपुर रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो जाने के बाद किस में लगे हुए लाल पत्थर अलग-अलग स्थान से चार बार दीवार से उखा कर गिर पड़े हैं गनीमत यह रही कि जिस समय यह पत्थर गिरे उस समय स्टेशन पर कोई गंभीर हादसा नहीं हो पाया।

पत्थरों के गिरने से अब रेलवे के निर्माण विभाग के अधिकारियों की आंखें खुल गई है और वह मौके पर जाकर बिल्डिंग का निरीक्षण कर रहे हैं।

# गुरु जम्भवाणी प्रचार ट्रस्ट ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री गुरु जम्भवाणी प्रचार संघ ट्रस्ट (रजि.) एवं बिश्नोई सभा धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में सातवाँ मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह स्वामी रामेश्वरानंद जी की अध्यक्षता एवं महामंत्री पीयूष विश्नोई के संचालन में श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर एवं बिश्नोई धर्मशाला, धामपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजवीर विश्नोई जी (न्यायधीश,स्थायी लोक अदालत, बिजनौर), विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. विवेक विश्नोई, डॉ. अनुपम विश्नोई, ओमकार विश्नोई, डॉ. आशुतोष बिश्नोई, सीए मलिका विश्नोई मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा मेधावियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ सामाजिक योगदान हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट कार्यकारिणी उपाध्यक्ष उपकार विश्नोई, मंत्री शशांक विश्नोई, कोषाध्यक्ष संचित विश्नोई, उप कोषाध्यक्ष अक्षित विश्नोई, संगठन मंत्री शुभम विश्नोई, प्रचार मंत्री क्षतिज विश्नोई सहित युवाशक्ति का सहयोग रहा। कार्यक्रम में बिजनौर, नजीबाबाद, नगीना, कांठ, मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, काशीपुर, लालापुर, हरेवली, धामपुर से श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# समारोहपूर्वक स्व. जयप्रकाश शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि मनाई




**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.पी. एंड संस द्वारा शुगर मिल्स तिराहा पर स्व. पंडित जयप्रकाश शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके पुत्र जितेंद्र कुमार शर्मा,सुनील कुमार शर्मा,पौत्र पुलकित गौतम, प्रो. शंकर लाल शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस अवसर पर असित गोयल, बलीराम सिंह, सुनील मिश्रा, विनोद शर्मा, देवेंद्र सिसोदिया, गौरव कुमार, जोगेंद्र कुमार, गौरव सिंह, मुस्तकीम, सलमान, सुमित कुमार, शमसुल हसन, प्रतीक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सुबह से दोपहर तक राहगीरों को केले और लाहौरी जीरा की ठंडी बोतलों का वितरण किया गया।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन


हिंदी पत्रकारिता दिवस हुई विचार गोष्ठी में मौजूद संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार एकता मंच द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर के सभाकक्ष में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार की शाम आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष मनोज कात्यायन ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता समाज को जागरूक करने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मंच के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल शर्मा एडवोकेट ने निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर मंच के कोऑर्डिनेटर राहुल श्याम व पत्रकार एकता मंच के महामंत्री शाकिर अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल शर्मा एडवोकेट ने की तथा संचालन शाकिर अंसारी ने किया।

# तीन दिवसीय योग शिविर प्रारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** सत्यधाम धर्मशाला योग समिति द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर आज से धर्मशाला में पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में प्रारंभ किया गया। सत्यधाम धर्मशाला योग समिति के प्रशिक्षक धर्मेश कुमार ने बताया कि इस शिविर मे पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आगामी योग दिवस 21 जून से पहले योग के संबंध में क्षेत्र में जागृति उत्पन्न करना है। आज प्रात: शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। यह शिविर प्रतिदिन प्रात: 5:15 बजे से 6:45 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में वरिष्ठ नागरिक समिति शाखा रानी बाग के अध्यक्ष जगदीश सिंह, विनोद चंदना, आदेश कुमार, नीरज विदल, अरिहंत जैन, दिनेश चौहान, देवेंद्र सिंह, श्रीमती सुनीता नंदा, उमा देवी, शिक्षा चौहान, कुसुम गुप्ता, ममता शर्मा, प्रतिभा राय, शशि चौहान, अनीता चौहान आदि महिला पुरुषों ने भाग लिया।

# योगी जी को देखने-सुनने को आलमपुर में उमड़ा जनसैलाब

## सीएम के आने से पूर्व भाजपा के कई दिग्गजों ने किया जनसभा को संबोधित



सरदार अमरीक सिंह को अधिकार पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। ग्राम आलमपुर गांवड़ी में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह के फार्म हाउस/कैंप कार्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों में योगी जी और विधायक सुशांत सिंह के प्रति गजब का उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री के आने से बहुत पहले ही पंडाल खचाखच भर गया था।**

जनसभा को योगी आदित्यनाथ के आने से पूर कई वर्तमान एवं पूर्व मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ भाजपा नेताओं, संगठन पदाधिकारियों ने संबोधित किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब को देख कर विधायक सुशांत सिंह को बधाई दी और कहा कि अपने पिता पूर्व सांसद स्वर्गीय कुंवर सर्वेश कुमार सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए सुशांत सिंह उनके सपनों को पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनसभा में पहुंचने से पूर्व जनसभा को जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, धामपुर विधायक अशोक राणा, नहटौर विधायक ओम कुमार, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त व हरिसिंह ढिल्लों, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह व डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल आदि ने संबोधित किया।

### सभी ने की कुंवर सुशांत सिंह सराहा



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशांत सिंह।

### योगी के मंच पर पहुंचते ही लोगों का उत्साह आसमान पर पहुंचा

**मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लगभग 2 बजे आलमपुर गांवड़ी में उतरा। योगी आदित्यनाथ 2 बजकर 17 मिनट पर मंच पर पहुंचे। जहां सर्वप्रथम विधायक सुशांत सिंह ने उनका अभिनंदन किया। योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही पंडाल नारों से गूंज उठा। लोगों का उत्साह आसमान पर पहुंच गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर पाकिस्तान**

**से विस्थापित होकर अफजलगढ़ क्षेत्र में पूर्व सैनिकों/लीज धारकों को भूमिधरि**

### विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किये

**अधिकार पत्र का वितरण किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को आवंटन पत्र और चैक वितरण किये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता की महिलाओं द्वारा संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में मंत्री भूपेंद्र चौधरी, कपिल देव अग्रवाल व सुरेंद्र दिलेर, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, सांसद चंदन चौहान, विधायक कुंवर सुशांत सिंह, विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा, विधायक नहटौर ओमकुमार, एमएलसी अशोक कटारिया, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, डॉ. यशवंत सिंह आदि मंचासीन रहे।**

### सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध रहे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध किये हैं। सुबह सवेरे से ही सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी रही कि परिंदा भी पर नहीं मार सका। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुये थे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये रूट डायवर्ट किया गया। हालांकि इससे वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह सवेरे से ही क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम स्थल पहुंचना शुरू हो गया था। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह और उनकी पूरी टीम कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिये स्वयं व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखे हुये थी। कार्यक्रम में भीड़ अधिक पहुंच जाने से सभी को पंडाल में जगह नहीं मिल सकी। जिस पर बड़ी संख्या में लोग पंडाल के बाहर और सड़क पर भी खड़े रहे। व्यवस्था बनाने में पुलिस के पसीने छूट गये।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई



नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह व भव्यता के साथ मनाई गई। इस मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दोयजवाली से साहू जैन डिग्री कॉलेज होते हुए लायंस क्लब के कम्युनिटी हॉल तक निकली गई। शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्ति, राष्ट्रभक्ति व सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। रास्ते में जयकारों व पुष्पवर्षा से माहौल उत्सवमय बना रहा। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े व बैंड-बाजों ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया। कार्यक्रम में ललित पाल भाजपा नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासिका नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय व धर्म की सच्ची प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, धर्म व जनकल्याण के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिनकी मिसाल आज भी दी जाती है। उन्होंने लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर अपना दल (एस) जिला बिजनौर के कैंप कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान शासक, समाज सुधारक व जनकल्याणकारी विचारों की प्रतीक थीं। कार्यक्रम में वकील अहमद, जिला कोषाध्यक्ष भारत सिंह, मोबीन अहमद, रक्षपाल सिंह, राजीव राठी, उपासना राजपूत, सत्यम चौधरी, नीश चौहान, दुष्यंत ठाकुर, डॉ. देवेंद्र सिंह, निधि, कर्मजीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।



### जिस का कटा एसआईआर में नाम, उसे जुड़वाने का करे काम: हैनरीता

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह व पूर्व आईएएस आरके सिंह ने नजीबाबाद पहुंचकर विधानसभा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार एसआईआर की फाइनल लिस्ट देखने के बाद कार्यकर्ता घर-घर जाकर नाम चेक करें। जिसका नाम सूची में गलत है या कटा है उनका नाम जोड़ने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने विधानसभा की वोटर लिस्ट नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, साहनपुर नगर अध्यक्ष मास्टर मकसूद तथा ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन को देकर अभी से चुनाव की तैयारी का कार्य शुरू करने को कहा। इस अवसर पर आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, जिला सचिव खालिद हुसैन, अकरम खां, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, डा. सलीम सैफी, मास्टर मकसूद, जिला उपाध्यक्ष हाजी नसीम अंसारी आदि मौजूद रहे। बैठक से पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

# 39 दिनों में 14 लाख श्रद्धालुओं ने किये बाबा केदार के दर्शन

## हर दिन 25 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे धाम



रूद्रप्रयाग (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ धाम की यात्रा इस वर्ष ऐतिहासिक ऊंचाइयों को छू रही है। बाबा केदार के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास का ऐसा अदभुत संगम देखने को मिल रहा है कि यात्रा ने महज 39 दिनों में 14 लाख यात्रियों का आंकड़ा पार कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के इतिहास में यह उपलब्धि बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले कभी भी इतनी कम अवधि में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम नहीं पहुंचे थे।

22 अप्रैल को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भगवान केदारनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। कपाट खुलने के साथ ही देश-विदेश से भक्तों का सैलाब बाबा के दरबार की ओर उमड़ पड़ा। देखते ही देखते यात्रा ने नए आयाम स्थापित करने शुरू कर दिए और अब मात्र 39 दिनों में दस लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने के साथ नया इतिहास रच दिया है। रुद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने बताया कि अब तक 14 लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। प्रतिदिन 25 हजार से अधिक यात्री धाम पहुंच रहे हैं, जबकि सप्ताहांत और अवकाश के दिनों में यह संख्या और अधिक बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और अन्य एजेंसियां पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस कर्मी केवल सुरक्षा ही नहीं बल्कि यात्रियों की सहायता, मार्गदर्शन और आपात स्थितियों में राहत कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### सभी को मिल रहा लाभ

केदारनाथ यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं का सीधा लाभ स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, घोड़ा-खच्चर संचालकों, डंडी-कंडी श्रमिकों, टैक्सी चालकों और स्वरोजगार से जुड़े हजारों लोगों को मिल रहा है। यात्रा ने जनपद की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ी है और रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

### विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे

इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ है। भक्तों का कहना है कि बाबा केदार के दर्शन का आध्यात्मिक अनुभव उन्हें बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करता है।

**बाबा केदार के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था, प्रशासन की बेहतर व्यवस्थाएं और अनुकूल यात्रा प्रबंधन ने इस वर्ष की केदारनाथ यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया है। 39 दिनों में दस लाख श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार होना न केवल एक रिकॉर्ड है, बल्कि यह भगवान केदारनाथ के प्रति करोड़ों श्रद्धालुओं की असीम श्रद्धा और विश्वास का जीवंत प्रमाण भी है।**

# कोटद्वार में चार खोखों में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख


कोटद्वार के गोखले मार्ग स्थित खोखे में लगी आग से कुछ इस तरह जला सामान।

कोटद्वार (चिंगारी)। शहर के व्यस्त गोखले मार्ग में सड़क के किनारे स्थित खोखों में अचानक आग लग गई। एक खोखे में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के चार खोखों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना में दुकानदारों का लाखों रूपए मूल्य का सामान जलकर राख हो गया, लेकिन अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग लगने का कारण प्रथमदृष्ट्या शार्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लोगों ने देर रात को खोखों से धुआं और आग की लपटें निकलती देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम दमकल वाहन के साथ पहुंची और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है और दुकानदारों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# उफनती नदी के बीच फंसे श्रद्धालु, देवदूत बनी एसडीआरएफ





चंपावत (चिंगारी)। ऐतिहासिक श्री रीठा साहिब गुरुद्वारा में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध जोड़ मेले के दौरान एसडीआरएफ की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। एसडीआरएफ ने उफनती नदी के बीच फंसे 50 से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़, वर्तमान मौसम परिस्थितियों तथा संभावित आपदा जोखिमों को ध्यान में रखते हुए एसडीआरएफ की एक टीम को पूर्व से ही मेला क्षेत्र में तैनात की थी। टीम को यही अग्रिम तैनाती एवं सतर्कता आज आपदा की स्थिति में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई। रविवार को लदिया एवं रतिया नदियों के संगम क्षेत्र स्थित कुंड में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर गुरुद्वारा साहिब के दर्शन के लिए आवागमन कर रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र में हुई वर्षा के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। जिससे लगभग 50 से 60 श्रद्धालु नदी के बीच फंस गये। बढ़ते जलस्तर के कारण नदी क्षेत्र में खड़े कई वाहन भी पानी में फंस गए। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जोड़ मेले में तैनात एसडीआरएफ टीम, उप निरीक्षक दीपक सामंत के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। साथ ही राहत एवं बचाव अभियान प्रारंभ किया। तेज बहाव, लगातार बढ़ते जलस्तर एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद टीम ने साहस, धैर्य एवं उत्कृष्ट पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित नदी पार कराई। इसके अतिरिक्त नदी क्षेत्र में फंसे वाहनों को भी सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में आवश्यक सहायता प्रदान की गई। सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने टीम के कार्यों की सराहना की।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद में व्यापक स्तर पर होंगे कार्यक्रम

## 10 जून तक होंगे कार्यक्रम

कोटद्वार (चिंगारी)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जनपद पौड़ी गढ़वाल में योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योग दिवस तक चलने वाले इन कार्यक्रमों के अंतर्गत योग शिविर, हरित योग, योग पार्क गतिविधियां, सामूहिक योगाभ्यास, लाइव स्ट्रीमिंग तथा रन फॉर योग जैसे जन-जागरुकता कार्यक्रम शामिल हैं। इसी क्रम में प्रसिद्ध ताड़केश्वर महादेव मंदिर परिसर में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों ने लोगों को नियमित योगाभ्यास के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र पांडेय ने बताया कि आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जनपद में योग को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों में 20 मई से 10 जून तक विशेष योग जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नमस्ते योग ऐप तथा योग ब्रेक ऐप के माध्यम से नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है तथा योग के वैज्ञानिक महत्व और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी जा रही है। बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक जनपद के विभिन्न विकासखंडों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।

# नौ दिवसीय शिव महापुराण का समापन

## हवन यज्ञ एवं भण्डारे का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता स्थित धोबीघाट शिव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय सार्वजनिक शिवमहापुराण कथा का हवन यज्ञ, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया है। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। अंतिम दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा वाचक आचार्य राकेश लखेड़ा ने शिवमहापुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अन्नदान को सभी दानों में श्रेष्ठ बताया। न्होंने कहा कि भूखे और जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। अन्नदान से न केवल व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ मिलता है, बल्कि उसके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का भी वास होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की नियमित पूजा-अर्चना और स्मरण करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देवों के देव महादेव का नाम लेने मात्र से मनुष्य बड़े से बड़े संकट से उबर सकता है। कथा समापन के अवसर पर हवन यज्ञ एवं पूर्णाहुति संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में संगीता देवी, नीमा देवी, पूनम रावत, अनीता रावत, अनिल कुमार, विजय कुमार और राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# घर के बाहर लगा रहा था चक्कर, मना किया तो लड़के बुलाकर पिता-पुत्र पर किया हमला

**मंडावर ( चिंगारी )**। घर के बाहर चक्कर लगा रहे युवक को मना करना पिता-पुत्र को महंगा पड़ गया। आरोपी युवक ने पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत देखते हुए दोनों को मेरठ रैफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार मंडावर के मोहल्ला शाहविलायत निवासी सलीम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मुहल्ले का ही फैजान कुछ दिन पूर्व उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने उसकी बहन को बरामद करते हुए फैजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद वह उनके घर के ईद-गिर्द घूमता रहता है। रविवार देर शाम फैजान उनके घर के आस पास चक्कर काट रहा था। जब उसके पिता अखलाक व भाई शमीम ने मना किया तो वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह अपने दोस्त मानू उर्फ सुलेमान, रिहान, फहीम, शादाब, रहबर के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर पहुंचा। गाली गलौज करते हुए उसके पिता अखलाक व भाई शमीम पर धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला कर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। शमीम की हालत नाजुक देख डॉक्टर ने उसे दिल्ली हायर सेंटर भेज दिया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि दोनों परिवारों में पुरानी रंजिश चल रही है। मामले में घायलों का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

STAR WATER PARK
ईद मुबारक
SEPARATE BOOKING AVAILABLE FOR FAMILY
+91- 9410600428, 9868264774
Bijnor-Noorpur Road, Near Roots International School, Bijnor (U.P.)

कैसा भी दर्द हो मात्र 10 मिनट में राहत वह भी बिना दवाइयों के
शक्तिपात योग थैरेपी
कमर-घुटने के दर्द, साईटिका डिस्क स्लिप के लाइलाज वाले तुरंत सम्पर्क करें-
शिव शक्ति योग पीठ
जानकीपुरम, कृष्णा कॉलेज के सामने, नूरपुर रोड, बिजनौर
मो. 9870746060

## बीड़ी, सिगरेट, पान, तंबाकू, ये सब तन-मन-धन के डाकू

### गायत्री साधकों ने निकाली दुर्व्यसन विरोधी रैली



नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पं. सोमेश्वर दत्त शर्मा व नरेश कश्यप ने 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित करते हुए गोला, सुपारी से पूर्णाहुति की। मेघा रानी ने कलश पूजन किया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शक्तिपीठ के समीपवर्ती कॉलोनी जयनगर, विजयनगर में नशा मुक्त भारत संकल्प रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिला समन्वयक पुखराज सिंह, जिला सहसंवयक इंद्रदेव शर्मा, विनोद चौहान तहसील समन्वयक नगीना ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य से कराया। बीड़ी, सिगरेट, पान, तंबाकू, तन-मन-धन के यह सब डाकू, बीड़ी पीकर खांस रहा है मौत के आगे नाच रहा है। गुटखा खाओ गाल गलाओ। नहीं पियेंगे भारत के बेटे, बंद करो शराब के ठेके। पिटती पत्नी बिकता जेवर, छोड़ शराबी ऐसे तेवर, नशा नाश की जड़ है भाई-फल इसका अतिशय दुखदाई, जैसे नारे लगाते हुए हाथ में दुर्व्यसन विरोधी पट्टी लिए गायत्री साधकों ने व्यक्ति को दुर्व्यसन से दूर व समाज को कुरीतियों से मुक्त रहने का संदेश दिया। गायत्री परिवार की जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी में जनपद ने 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ हरगनपुर व चांदपुर में 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ, उदयपुर अफजलगढ़ में 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ, राजा का ताजपुर में तथा विशाल युवा सम्मेलन मोरना में कराने का निर्णय लिया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक व स्थानीय जोन समन्वयक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि तंबाकू को ना कहे, स्वास्थ्य को हां कहे। सदगुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण है सबसे बड़ी विपत्ति। शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सुमन वर्मा, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, सारिका अग्रवाल, एचपी गुप्ता, रोहिताश सिंह आदि मौजूद रहे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476